प्रश्न-पुस्तिका
**Question Booklet**

**XXIV-1**

| अनुक्रमांक<br>**Roll No.** | **SET**<br>**D** | प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक<br>**Booklet Sl. No.**<br>106520 |
|---|---|---|
| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर<br>**Candidate's Signature** | प्रथम<br>**FIRST** | कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर<br>**Invigilator's Signature** |

समय : 2 घण्टे 30 मिनट
**Time : 2 hours 30 mins.**

पूर्णांक : 150
**Max. Marks : 150**

नोट : अभ्यर्थी प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व इस प्रश्न-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ तथा अंतिम पृष्ठ पर मुद्रित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

**Note : Before answering the questions, the candidate should read carefully the Important Instructions printed on the first page and on the last page of this Question Booklet.**

## महत्वपूर्ण निर्देश
## Important Instructions

1. सील खोलने के तुरन्त बाद प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर सुनिश्चित कर लें कि पुस्तिका में कोई त्रुटि तो नहीं है और पेज पूरे हैं। कोई त्रुटि पाये जाने पर इसकी जानकारी तुरन्त अपने कक्ष निरीक्षक को दें। आवश्यकतानुसार पुस्तिका बदल दी जायेगी।
2. अभ्यर्थी को कुल **150** प्रश्न हल करने हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।
3. प्रश्न-पत्र का हल दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर देना है।
4. **ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक भरने से पूर्व ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।**
5. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प दिये गये हैं। **सही एवं सर्वाधिक उचित विकल्प** छाँटकर ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में सही विकल्प वाले गोले को **नीली/काली** स्याही के बॉल प्वाइंट पेन से इस प्रकार काला करें कि स्याही गोले के बाहर न फैलने पाये।

1. Immediately after opening the seals, check to ensure that there is no defect in the Question Booklet and all the pages are intact. If any defect is detected, immediately inform the Room Invigilator. If necessary, the Question Booklet will be replaced.
2. The candidate has to answer **150** questions in all. Each question carries **1** mark.
3. Answer the questions in OMR answer sheet only.
4. **Read the instructions given in OMR answer sheet carefully** before filling the OMR answer sheet.
5. There are four alternative choices against each question. Select the **correct and most appropriate choice** and mark it with **blue/black** ball point pen in the right bubble of the OMR answer sheet in such a way that ink does not spread out of the bubble.

# रफ कार्य
# ROUGH WORK

# बाल विकास एवं शिक्षण विज्ञान
# Child Development and Pedagogy

1. बच्चों में भाषा का विकास एक निश्चित क्रम में होता है, वह है :
   (A) बोलना, पढ़ना, सुनना, लिखना
   (B) सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना
   (C) सुनना, बोलना, लिखना, पढ़ना
   (D) बोलना, सुनना, पढ़ना, लिखना

2. "शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षणिक विकास का क्रमिक अध्ययन है।" किसने कहा ?
   (A) स्टीफन
   (B) स्किनर
   (C) क्रो एवं क्रो
   (D) मन

3. मानसिक आयु का प्रत्यय किसने दिया था ?
   (A) स्टर्न (B) टर्मन
   (C) बिने-साइमन (D) बर्ट

4. सी.डब्ल्यू.एस.एन. (C.W.S.N.) का सम्बन्ध है :
   (A) मजबूत आवश्यकता वाले बच्चों से
   (B) विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों से
   (C) विशिष्ट कक्षा वाले बच्चों से
   (D) इनमें से कोई नहीं

1. Development of language in children occurs in a certain order, that is :
   (A) Speaking, Reading, Listening, Writing
   (B) Listening, Speaking, Reading, Writing
   (C) Listening, Speaking, Writing, Reading
   (D) Speaking, Listening, Reading, Writing

2. "Educational Psychology is a systematic study of educational growth." Who said ?
   (A) Stephen
   (B) Skinner
   (C) Crow & Crow
   (D) Munn

3. Who gave the concept of Mental Age ?
   (A) Stern (B) Terman
   (C) Binet-Simon (D) Burt

4. C.W.S.N. is related to :
   (A) Children with strong needs
   (B) Children with special needs
   (C) Children with special class
   (D) None of these

5. क्रोध एवं भय प्रकार हैं :
(A) अभिप्रेरणा के
(B) संवेग के
(C) परिकल्पना के
(D) मूल प्रवृत्ति के

6. व्यक्तित्व विकास में 'लिविडो' शब्द का प्रयोग किस मनोवैज्ञानिक ने किया ?
(A) फ्रायड (B) पावलॉव
(C) मन (D) युंग

7. 'निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम' संसद में कब पारित किया गया ?
(A) 4 अगस्त 2010
(B) 4 अप्रैल 2010
(C) 4 अगस्त 2009
(D) 4 अप्रैल 2009

8. एन. ई. पी. 2020 का पूरा नाम है :
(A) न्यू एजूकेशन पॉलिसी 2020
(B) नेशनल एजूकेशन पॉलिसी 2020
(C) न्यू एजूकेशन प्रोग्राम 2020
(D) नेशनल एजूकेशन प्रोग्राम 2020

9. आप अपनी कक्षा में परिश्रम से पढ़ाते हैं, तथा बालक भी ध्यानपूर्वक पढ़ते हैं, परन्तु कुछ बालक शीघ्रता से सीखते हैं तथा कुछ बालक धीरे-धीरे। इस समस्या का कारण हो सकता है :
(A) अधिगम व्यक्तिगत होता है।
(B) कुछ बालकों का स्वास्थ्य ठीक नहीं है।
(C) कुछ बालकों का मन पढ़ाई में नहीं लगता है।
(D) उपरोक्त सभी

5. Anger and Fear are types of :
(A) Motivation
(B) Emotion
(C) Hypothesis
(D) Instinct

6. Which psychologist used the term Livido in personality development ?
(A) Freud (B) Pavlov
(C) Munn (D) Yung

7. When 'Right of Children to Free and Compulsory Education Act' passed in the Parliament ?
(A) 4th August 2010
(B) 4th April 2010
(C) 4th August 2009
(D) 4th April 2009

8. Full form of N.E.P. 2020 is :
(A) New Education Policy 2020
(B) National Education Policy 2020
(C) New Education Programme 2020
(D) National Education Programme 2020

9. You teach hard in your class and the children also study carefully, but some children learn quickly and some children slowly. This problem may be caused by :
(A) Learning is individual.
(B) Health of some children is not good.
(C) Some children are not interested in studies.
(D) All of the above

10. सीखने का सबसे उपयुक्त अर्थ है :

(A) कौशल अर्जन

(B) व्यवहार में परिवर्तन

(C) वैयक्तिक समायोजन

(D) ज्ञानार्जन

11. 'शिक्षा एक द्विध्रुवी प्रक्रिया है।' किसने कहा ?

(A) एडम्स

(B) किलपैट्रिक

(C) डीवी

(D) गाँधी

12. शिक्षक द्वारा छात्रों के सही उत्तर को श्यामपट्ट पर लिखना किस प्रकार का पुनर्बलन है ?

(A) धनात्मक अशाब्दिक पुनर्बलन

(B) अतिरिक्त शाब्दिक पुनर्बलन

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

13. विद्यार्थियों की प्रशंसा की जानी चाहिये :

(A) व्यक्तिगत

(B) लोगों के बीच

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

10. The most appropriate meaning of learning is :

(A) Skill acquisition

(B) Change in behaviour

(C) Individual adjustment

(D) Acquisition of knowledge

11. 'Education is a bipolar process.' Who said ?

(A) Adams

(B) Kilpatric

(C) Dewey

(D) Gandhi

12. What type of reinforcement is the teacher writing the student's correct answers on the Black-Board ?

(A) Positive Nonverbal Reinforcement

(B) Extra Verbal Reinforcement

(C) Both of the above

(D) None of these

13. Students should be praised :

(A) Individual

(B) Among people

(C) Both of the above

(D) None of these

14. सी. सी. ई. (C.C.E.) का पूरा नाम है :

(A) कम्प्रिहेन्सिव एण्ड कन्टिन्यूअस इवैल्यूएशन

(B) कन्टिन्यूअस एण्ड कम्प्रिहेन्सिव इवैल्यूएशन

(C) कन्टिन्यूअस एण्ड करीक्यूलर इवैल्यूएशन

(D) कन्टिन्यूअस एण्ड कम्प्रिहेन्सिव एग्जाम

15. पाठ-योजना निर्माण की पंचपद प्रणाली किसने दी ?

(A) मॉरिसन

(B) हरबर्ट

(C) किलपैट्रिक

(D) डीवी

16. निम्न में से कौन-सी विधि को सुकराती विधि कहा जाता है ?

(A) अन्वेषण

(B) समीक्षा

(C) योजना

(D) प्रश्नोत्तर

17. थॉर्नडाइक द्वारा दिये गये सीखने के तीन मुख्य नियमों का ***सही*** क्रम क्या है ?

(A) तत्परता, प्रभाव, अभ्यास

(B) प्रभाव, अभ्यास, तत्परता

(C) तत्परता, अभ्यास, प्रभाव

(D) अभ्यास, प्रभाव, तत्परता

14. Full name of C.C.E. is :

(A) Comprehensive and Continuous Evaluation

(B) Continuous and Comprehensive Evaluation

(C) Continuous and Curricular Evaluation

(D) Continuous and Comprehensive Exam

15. Who gave the five-step system of lesson plan ?

(A) Morrison

(B) Herbert

(C) Kilpatric

(D) Dewey

16. Which of the following method is called Socratic method ?

(A) Investigation

(B) Review

(C) Planning

(D) Question-Answer

17. What is the ***right*** order of the three main laws of learning given by Thorndike ?

(A) Readiness, Effect, Exercise

(B) Effect, Exercise, Readiness

(C) Readiness, Exercise, Effect

(D) Exercise, Effect, Readiness

22. मनोवैज्ञानिक ब्रिजेज के अनुसार जन्म के समय कौन-सा संवेग होता है ?

(A) उत्तेजना

(B) आनन्द

(C) भय

(D) कष्ट

23. वैयक्तिक भिन्नता का कारण है :

(A) आनुवंशिकता का प्रभाव

(B) वातावरण का प्रभाव

(C) मानसिक विचारों का प्रभाव

(D) उपरोक्त सभी

24. मानकीकृत परीक्षण के गुण है/हैं :

(A) विश्वसनीयता (B) मानक

(C) वैधता (D) ये सभी

25. "व्यक्ति वंशानुक्रम एवं वातावरण की उपज है।" यह कथन किसका है ?

(A) क्रो एवं क्रो

(B) वुडवर्थ

(C) डगलस

(D) गाल्टन

26. किसने प्रयत्न एवं भूल का सिद्धान्त दिया ?

(A) थॉर्नडाइक

(B) रॉस

(C) पावलॉव

(D) इनमें से कोई नहीं

22. Which emotion occurs at the time of Birth according to Psychologist Bridges ?

(A) Excitement

(B) Delight

(C) Fear

(D) Distress

23. The cause of individual differences is :

(A) Effect of genetics

(B) Effect of environment

(C) Effect of mental thoughts

(D) All of the above

24. Characteristics of Standardized test is/are :

(A) Reliability (B) Norms

(C) Validity (D) All of these

25. "The individual is a product of heredity and environment." Whose statement is this ?

(A) Crow & Crow

(B) Woodworth

(C) Duglous

(D) Galton

26. Who gave the theory of Trial and Error ?

(A) Thorndike

(B) Ross

(C) Pavlov

(D) None of these

18. निम्नलिखित में से कौन वंचित बालक है ?

(A) सामाजिक रूप से वंचित

(B) सांस्कृतिक रूप से वंचित

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

19. किस बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ ने शैशवावस्था को सीखने का आदर्श काल कहा है ?

(A) वाट्सन

(B) वेलेनटाइन

(C) स्किनर

(D) इनमें से कोई नहीं

20. मैसलो के अनुसार अभिप्रेरणा से सम्बन्धित निम्न स्तर की आवश्यकता कौन-सी है ?

(A) दैहिक आवश्यकता

(B) संज्ञानात्मक

(C) सौन्दर्य बोध

(D) आत्मसिद्धि

21. ऑपरेशन ब्लैक-बोर्ड योजना सम्बन्धित है :

(A) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1952 से

(B) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 से

(C) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 से

(D) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से

18. Which of the following is a deprived child ?

(A) Socially deprived

(B) Culturally deprived

(C) Both of the above

(D) None of these

19. Which Child Psychologist has called infancy stage as the ideal period of learning ?

(A) Watson

(B) Vallentine

(C) Skinner

(D) None of these

20. According to Maslow, which is the lowest order of need related to motivation ?

(A) Physiological Needs

(B) Cognitive

(C) Aesthetic

(D) Self-Actualization

21. Operation Black-Board is related to :

(A) National Education Policy, 1952

(B) National Education Policy, 1968

(C) National Education Policy, 1986

(D) National Education Policy, 2020

27. बुद्धि लब्धि की गणना का सूत्र क्या है ?

(A) $\frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{शारीरिक आयु}}$

(B) $\frac{\text{शारीरिक आयु}}{\text{मानसिक आयु}}$

(C) $\frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{शारीरिक आयु}} \times 100$

(D) $\frac{\text{शारीरिक आयु}}{\text{मानसिक आयु}} \times 100$

28. एफ. एल. एन. (F.L.N.) का पूरा नाम क्या है ?

(A) फाउंडेशन लिटरेसी एण्ड नम्बर

(B) फाउंडेशन लिटरली एण्ड न्यूमरेसी

(C) फंडामेंटल लिटरेसी एण्ड नम्बर

(D) फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी

29. निम्न में *सही* क्रम क्या है ?

(A) विशेष शिक्षा, समावेशी शिक्षा, एकीकृत शिक्षा

(B) एकीकृत शिक्षा, विशेष शिक्षा, समावेशी शिक्षा

(C) विशेष शिक्षा, एकीकृत शिक्षा, समावेशी शिक्षा

(D) समावेशी शिक्षा, विशेष शिक्षा, एकीकृत शिक्षा

30. सामान्य बुद्धि के बालक की बुद्धि लब्धि क्या होगी ?

(A) 120 - 140

(B) 110 - 120

(C) 80 - 90

(D) 90 - 110

27. What is the formula of I.Q. (Intelligence Quotient) ?

(A) $\frac{\text{Mental Age}}{\text{Chronological Age}}$

(B) $\frac{\text{Chronological Age}}{\text{Mental Age}}$

(C) $\frac{\text{Mental Age}}{\text{Chronological Age}} \times 100$

(D) $\frac{\text{Chronological Age}}{\text{Mental Age}} \times 100$

28. What is the full form of F.L.N. ?

(A) Foundation Literacy and Number

(B) Foundation Literally and Numeracy

(C) Fundamental Literacy and Number

(D) Foundational Literacy and Numeracy

29. What is the ***right*** order in following ?

(A) Special Education, Inclusive Education, Integrated Education

(B) Integrated Education, Special Education, Inclusive Education

(C) Special Education, Integrated Education, Inclusive Education

(D) Inclusive Education, Special Education, Integrated Education

30. What is the intelligence quotient of a normal child ?

(A) 120 - 140

(B) 110 - 120

(C) 80 - 90

(D) 90 - 110

## भाषा प्रथम - हिन्दी

31. साहित्यिक विमर्श में सम्मिलित *नहीं* है :
(A) दलित विमर्श
(B) स्त्री विमर्श
(C) आदिवासी विमर्श
(D) विदेशी विमर्श

32. भाषा कक्षा के लिए उपयोगी ICT संसाधन है :
(A) ऑडियो बुक्स
(B) डिजिटल लाइब्रेरी
(C) यू ट्यूब
(D) उपर्युक्त सभी

33. कक्षा-कक्ष में उपयोग की जानी चाहिए :
(A) मानक भाषा
(B) सामान्य भाषा
(C) क्लिष्ट भाषा
(D) विशिष्ट भाषा

34. आत्मीयता युक्त होगा :
(A) औपचारिक पत्र
(B) व्यक्तिगत पत्र
(C) व्यावसायिक पत्र
(D) कार्यालयी पत्र

35. भाषा सीखी जाती है :
(A) अधिकरण से
(B) अनुकरण से
(C) समीकरण से
(D) उपर्युक्त सभी से

36. समास का शाब्दिक अर्थ है :
(A) संदेह (B) संवेग
(C) संक्षेप (D) संदेश

37. शुद्ध कथन चुनिए :
(A) सभी संज्ञा सर्वनाम होती हैं।
(B) सभी क्रियाएँ विशेषण होती हैं।
(C) सभी क्रियाविशेषण अव्यय होते हैं।
(D) उपर्युक्त सभी

38. सार्वनामिक एक प्रकार है :
(A) संज्ञा का (B) सर्वनाम का
(C) विशेषण का (D) क्रिया का

39. समतामूलक अलंकार समूह है :
(A) उपमा, उत्प्रेक्षा, साम्य
(B) उत्प्रेक्षा, रूपक, यमक
(C) उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक
(D) श्लेष, यमक, रूपक

40. शिक्षण की संप्रेषणीयता को बढ़ाता है :
(A) विषय-वस्तु का ज्ञान
(B) अंग्रेज़ी भाषा का ज्ञान
(C) स्थानीय भाषा का ज्ञान
(D) अन्य विषय का ज्ञान

41. किस प्रकार के प्रश्न बच्चों की भाषागत रचनात्मकता का आकलन करने में सर्वाधिक रूप से उपयुक्त होंगे ?
(A) बहुविकल्पीय प्रश्न
(B) रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न
(C) मुक्त अंत वाले प्रश्न
(D) एक शब्द में उत्तर वाले प्रश्न

42. मूर्धा का अर्थ है :
(A) उच्चारण स्थल
(B) सर्वोच्च
(C) मुख्य
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. शुद्ध पदबंध चुनें :
(A) ताज़ी दही
(B) ताज़ा दही
(C) ताजी दही
(D) ताजा दही

44. व्याकरण का जानकार कहलायेगा :
(A) व्याकरणविद् (B) व्याकरणाचार्य
(C) वैयाकरण (D) विद्वान

45. 'लड़का पाठ पढ़ती है।' में अशुद्धि है :
(A) कर्ता की (B) बलाघात की
(C) अन्विति की (D) क्रिया की

**निर्देश** : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (**46** से **50** तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए :

मातृभाषा का विद्यालयी पाठ्यचर्या में महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह विद्यालय में पढ़ाया जाने वाला एक विषय मात्र ही नहीं, अन्य विषयों को सीखने का माध्यम भी है। भाषा के माध्यम से जो मूलभूत कौशल अर्जित किए जाते हैं वे अन्य विषय क्षेत्रों की संकल्पनाओं को समझने-सीखने में भी सहायता करते हैं। अक्सर देखा गया है कि जिस बालक में मातृभाषा की पकड़ जितनी अधिक होती है वह उतनी सरलता और शीघ्रता से अन्य विषयों का ज्ञानार्जन कर लेता है। साथ ही मातृभाषा के साहित्य की समझ भी उसकी उतनी ही व्यापक होती है। इस दृष्टि से यह उपयुक्त है कि जिस भाषा में बालक बोलता, सोचता और कल्पना करता है वही भाषा उसकी शिक्षा का माध्यम भी हो ताकि अध्ययन किए जाने वाले विषयों को सही ढंग से समझने, उन पर स्वतंत्र रूप से चिन्तन करने तथा उन्हें स्पष्ट और प्रभावी रूप से अभिव्यक्त करने में आसानी हो। इसी कारण सभी शिक्षाविदों ने इस बात पर बल दिया है कि शिक्षा का माध्यम सभी स्तरों पर, विशेषकर प्रारंभिक स्तर पर, मातृभाषा ही होनी चाहिए।

शिक्षण की दृष्टि से भी अध्यापक विषयवस्तु का प्रस्तुतीकरण जितने स्वाभाविक और प्रभावपूर्ण ढंग से मातृभाषा के माध्यम से कर सकते हैं उतना संभवतः किसी अन्य भाषा में नहीं। मातृभाषा में दिए गए उदाहरण, दृष्टांत और उद्धरण विषयवस्तु को अधिक सरल, रोचक और ग्राह्य बना देते हैं।

46. विद्यालयों में सामान्य पाठ्य विषय :
(A) परस्पर स्वतंत्र हैं।
(B) पूर्णतः रोजगार आश्रित हैं।
(C) भाषा आश्रित हैं।
(D) उपर्युक्त सभी

47. विषय की रोचकता का संबंध :
(A) शिक्षण माध्यम से है।
(B) विषय के कठिनाई स्तर से है।
(C) शिक्षक के ज्ञान से है।
(D) विद्यालय के वातावरण से है।

48. मातृभाषा का वास्तविक अभिप्राय है :
(A) माँ की भाषा
(B) परिवेश की भाषा
(C) राष्ट्र की भाषा
(D) माध्यम भाषा

49. मूलभूत भाषायी कौशल *नहीं* है :
(A) बोलना (B) सुनाना
(C) लिखना (D) पढ़ना

50. स्वतंत्र चिंतन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है :
(A) राजभाषा
(B) संपर्क भाषा
(C) उपभाषा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश : निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (51 से 55 तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए :

"बात सीधी थी पर एक बार
भाषा के चक्कर में
ज़रा टेढ़ी फंस गई
उसे पाने की कोशिश में
भाषा को उलटा पलटा
तोड़ा मरोड़ा
घुमाया फिराया
कि बात या तो बने
या फिर भाषा से बाहर आये
लेकिन इससे भाषा के साथ-साथ
बात और भी पेचीदा होती चली गई"

51. बात और भाषा :
(A) साध्य और साधन हैं।
(B) परस्पर असंबद्ध हैं।
(C) साधन और असाध्य हैं।
(D) उपर्युक्त सभी

52. अनुच्छेद में प्रयुक्त है :
(A) कहावत (B) मुहावरा
(C) किवदंती (D) लोकोक्ति

53. भाषा को तोड़ने मरोड़ने से :
(A) बात बनती है
(B) बात बिगड़ती है
(C) बात सुधरती है
(D) बात सँवरती है

54. संप्रेषणीयता निहित है :
(A) बात में
(B) भाषा में
(C) उपर्युक्त दोनों में
(D) किसी में नहीं

55. भाषा से बात का निकलना है :
(A) सपोर्टिंग (B) रिकॉर्डिंग
(C) डिकोडिंग (D) ये सभी

56. वर्ण और अक्षर :
(A) एक ही होते हैं।
(B) पर्यायवाची हैं।
(C) समान होते हैं।
(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

57. यमक है :
(A) शब्दालंकार
(B) अर्थालंकार
(C) उभयालंकार
(D) उपर्युक्त सभी

58. सही वर्तनी वाला युग्म चुनें :
(A) सन्यास, सृंगार (B) संन्यास, श्रृंगार
(C) संन्यास, शृंगार (D) सन्यास, शृंगार

59. 'झ' है :
(A) अघोष-महाप्राण
(B) सघोष-अल्पप्राण
(C) अघोष-अल्पप्राण
(D) सघोष-महाप्राण

60. 'द्विज' पर्यायवाची है :
(A) पशु का (B) पक्षी का
(C) जीव का (D) उपर्युक्त सभी का

## First Language – English

**31.** What is the main purpose of poetry recitation in a language classroom ?

(A) To appreciate and enjoy the poem

(B) To give their opinions about the poem

(C) To become aware of the poet and his work

(D) To encourage children to become poets

**32.** Mohan Chandra Joshi, an English teacher, presents material in the form of dialogue and uses vocabulary in context with hand motions, signal cards etc. Which method does he use to teach English ?

(A) Active Learning method

(B) Bilingual method

(C) Audio Lingual method

(D) None of these

**33.** Which approach emphasizes interaction as the means and the goal of learning a language ?

(A) Oral-aural (B) Communicative

(C) Silent way (D) Immersion

**34.** Total number of consonant sound in English is :

(A) 12 (B) 8

(C) 20 (D) 24

**Direction** (Q. No. **35-39**) : Read the passage given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

Mount Vesuvius, a volcano located between the ancient Italian cities of Pompeii and Herculaneum, has received much attention because of its frequent and destructive eruptions. The most famous of these eruptions occurred in A. D. 79. The volcano had been inactive for centuries. There was little warning of the coming eruptions although one account unearthed by archaeologists says that a hard rain and a strong wind had disturbed the celestial calm during the preceding night. Early next morning, the volcano poured a huge river of molten rock down upon Herculaneum, completely burying the city and filling the harbour with coagulated lava. Meanwhile, on the other side of the mountain, cinders, stone and ash rained down on Pompeii. Sparks from the burning ash ignited the combustible rooftops quickly. Large portions of the city were destroyed in the conflagration. Fire, however, was not the only cause of destruction. Poisonous sulphuric gases saturated the air. These heavy gases were not buoyant in the atmosphere and therefore sank towards the earth and suffocated people.

**35.** What caused the rooftops to get ignited ?

(A) Forest fire

(B) Volcanic eruption

(C) Air pollution

(D) Wildfires

36. Which natural phenomenons were witnessed on the night preceding the disaster ?
(A) earthquakes
(B) hail and storm
(C) hard rain and strong wind
(D) tsunami

37. What is the synonym of 'Conflagration' ?
(A) Air (B) Destruction
(C) Event (D) Fire

38. What is the antonym of 'Celestial' ?
(A) Blessed (B) Earthly
(C) Supernal (D) Heavenly

39. Which gas erupted from the volcano ?
(A) Carbon Monoxide
(B) Hydrogen Cyanide
(C) Ozone
(D) Sulphuric Gas

**Direction** (Q. No. **40-44**) : Read the poem given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

*When I consider how my light is spent,*
*Ere half my days, in this dark world and wide,*
*And that one talent, which is death to hide,*
*Lodged with me useless, though my Soul more bent*
*To serve therewith my Maker, and present*
*My true account, lest He, returning chide;*
*"Doth God exact day-labour, light denied ?"*
*I fondly ask. But Patience, to prevent*
*That murmur, soon replies, "God doth not need*
*Either man's work, or his own gifts, who best*
*Bear His mild yoke, they serve Him best; His state*
*Is kingly : thousands, at His bidding speed*
*And post o'er land and ocean without rest;*
*They also serve who only stand and wait."*

40. What is the poet complaining about in the first six lines ?
(A) For taking away his talent
(B) For taking away his life
(C) For rebuking him
(D) For making him blind in his youth

41. What does the poet realize after sometime ?
(A) God needs nobody's service
(B) God grants patience
(C) God gives talents
(D) God requires gifts

42. Which word is personified in the poem ?
(A) Lodged (B) Light
(C) Patience (D) Kingly

43. What is the antonym of 'chide' ?
(A) Admonish (B) Praise
(C) Reprimand (D) Criticize

44. In the poem 'light' is perhaps a metaphor for :
(A) life (B) beauty
(C) money (D) vision

45. For evaluating a poster designed as a part of a competition, which of the following criteria would be the most appropriate for the judges ?

(A) Relevant content, style and word limit

(B) Use of quotations, style and visual appeal

(C) Creativity, relevant content and visual appeal

(D) Creativity, fonts and visual approach

**Direction** (Q. No. **46** & **47**) : Substitute the following phrases with the *most appropriate word* from the given options :

46. He is a hater of knowledge and learning.

(A) Bibliophile

(B) Misologist

(C) Misogynist

(D) Philanderer

47. She was listening to a sad song.

(A) Ditty

(B) Knell

(C) Dirge

(D) Lay

**Direction** (Q. No. **48**) : Choose the *correct form of verb* to complete the sentence :

48. She .............. living here for two years.

(A) has (B) has been

(C) have been (D) are

**Direction** (Q. No. **49**) : Choose the *correct form of tense* for the given sentence :

49. Can I have a drink before I ............ to bed ?

(A) go

(B) will have gone

(C) will go

(D) None of the above

**Direction** (Q. No. **50**) : Identify the *part of speech* of the *underlined word* :

50. Wow, you have got a great score.

(A) Conjunction (B) Pronoun

(C) Adverb (D) Interjection

**Direction** (Q. No. **51**) : For the given statement, choose the *most appropriate option in Active Voice* :

51. He was made captain by his teammates.

(A) The teammates made the man captain.

(B) Captain was the captain for his teammates.

(C) His teammates made him their captain.

(D) He was the captain to his teammates.

**Direction** (Q. No. **52**) : Choose the option with the most suitable *pronouns* for the given sentence :

52. ............ bike doesn't work. Can ............ help ............ repair ............ ?

(A) Their, they, we, them

(B) Our, they, me, her

(C) My, you, me, it

(D) His, you, her, it

**Direction** (Q. No. **53**) : Select the *correct conversion* of the following direct sentence into indirect :

**53.** Kiran asked me, "Did you see the cricket match on television last night ?"

(A) Kiran asked me whether I saw the cricket match on television the last night.

(B) Kiran asked me whether I had seen the cricket match on television the previous night.

(C) Kiran asked me did I see the cricket match on television the last night.

(D) Kiran asked me whether I have seen the cricket match on television the last night.

**Direction** (Q. No. **54**) : Identify the *figure of speech* in the following sentence :

**54.** Camel is considered the ship of the desert.

(A) Personification

(B) Metaphor

(C) Simile

(D) Pun

**Direction** (Q. No. **55**) : Choose the *correct option* for the given sentence :

**55.** The weather is .............. today.

(A) sunny (B) sunnier

(C) sunnily (D) sunniest

**Direction** (Q. No. **56** & **57**) : Choose the most suitable option that describes the *meaning of the underlined idiom and phrase* :

**56.** When the family in the next house packed off at midnight, I began to smell a rat.

(A) to suspect a trick

(B) to misunderstand

(C) to smell a bad smell

(D) to see hidden meaning

**57.** Seema is a little hard of hearing.

(A) inaudible (B) deaf

(C) disinterested (D) insensitive

**58.** Select the ***incorrectly*** *spelt word* from the following :

(A) Colleague (B) Commission

(C) Occurrance (D) Convenience

**Direction** (Q. No. **59**) ; Choose the *correct past continuous tense* and fill in the blank :

**59.** Most of the time we .............. in the park.

(A) were sat

(B) sat

(C) were sitting

(D) had been sitting

**60.** Scribbling means :

(A) reading carelessly

(B) listening carefully

(C) stammering

(D) writing quickly & carelessly

# भाषा द्वितीय - हिन्दी

61. 'साहित्य लहरी' के/की रचयिता हैं :
(A) गोस्वामी तुलसीदास
(B) सूरदास
(C) कबीरदास
(D) मीराबाई

62. ''रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरै, मोती, मानुस, चून।।''
इसमें अलंकार है :
(A) यमक
(B) उपमा
(C) श्लेष
(D) उत्प्रेक्षा

63. निम्न में से कौन मौखिक भाषा के मूल तत्वों में शामिल ***नहीं*** है ?
(A) लिपि
(B) अक्षर
(C) शब्द
(D) वाक्य

64. 'राम ने राजीव को गाय दी', वाक्य में कारक है :
(A) संप्रदान
(B) अपादान
(C) करण
(D) संबंध

65. मौन पठन के सन्दर्भ में ***सत्य*** कथन है :
(A) मौन पठन उच्चारण के साथ किया जाता है।
(B) मौन पठन प्रारम्भिक कक्षाओं हेतु उपयुक्त है।
(C) सक्रिय शब्दकोष व एकाग्रता मौन पठन के आवश्यक अंग हैं।
(D) कविता शिक्षण में मौन पठन कराना चाहिए।

66. 'नाक का बाल होना' मुहावरे का सही अर्थ है :
(A) बहुत परेशान करना
(B) इज्जत बचाना
(C) अत्यन्त प्रिय होना
(D) चापलूस होना

67. चौपाई छन्द के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती हैं :
(A) 12 (B) 14
(C) 16 (D) 18

68. देवनागरी लिपि का जन्म हुआ है :
(A) शारदा लिपि से
(B) खरोष्ठी लिपि से
(C) रोमन लिपि से
(D) ब्राह्मी लिपि से

69. 'अग्नि' शब्द है :
(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशज

70. 'संतोष' शब्द में उपसर्ग है :

(A) सु (B) सन्

(C) सम् (D) सः

71. मातृभाषा शिक्षण का प्राचीनतम दृश्य-श्रव्य साधन है :

(A) नाटक (B) ग्रामोफोन

(C) चित्र विस्तारक (D) मूकचित्र

72. इनमें स्त्रीलिंग शब्द है :

(A) विवाह (B) शंख

(C) कलश (D) सेना

73. 'सागर' का पर्यायवाची है :

(A) अर्णव

(B) अचल

(C) आपगा

(D) सरिता

74. प्राथमिक स्तर पर बच्चों को लिखने का अभ्यास कराने हेतु उपयोगी है/हैं :

(A) अनुलेख

(B) प्रतिलेख

(C) श्रुतलेख

(D) ये सभी

75. 'अष्टधातु' में समास है :

(A) द्वन्द्व

(B) अव्ययीभाव

(C) द्विगु

(D) बहुव्रीहि

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (76 से 80 तक) के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए :

साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता-जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नयी वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरन्तर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय और नृपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त, विद्वानों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रणकला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी सम्पत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी-कभी एक-एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार-भर में अपना सानी नहीं रखते थे। प्राचीनकाल से मुगल-सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुण्ड के झुण्ड विद्यानुरागी लम्बी यात्राएँ करके भारत आया करते थे।

76. सभ्यता के इतिहास का जीता-जागता गवाह है :

(A) पुस्तकालय

(B) देवालय

(C) नृपालय

(D) औषधालय

77. देव + आलय = देवालय में संधि है :

(A) गुण संधि

(B) वृद्धि संधि

(C) दीर्घ संधि

(D) यण् संधि

78. आजकल पुस्तकों का संग्रह करना आसान है :

(A) चित्रकला के कारण

(B) वास्तुकला के कारण

(C) ललितकला के कारण

(D) मुद्रणकला के आविष्कार के कारण

79. लोग पुस्तकों का संग्रह कब से कर रहे हैं ?

(A) सृष्टि के आरंभ से

(B) लिपि के आविष्कार से

(C) आवागमन की सुविधा बढ़ने से

(D) संचार सुविधा बढ़ने से

80. साहित्योन्नति के साधनों में अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है :

(A) धर्म का

(B) दर्शन का

(C) पुस्तकालयों का

(D) समाज का

81. मातृभाषा को सीखने का स्वाभाविक क्रम है :

(A) सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना

(B) बोलना, सुनना, लिखना, पढ़ना

(C) सुनना, पढ़ना, बोलना, लिखना

(D) बोलना, लिखना, पढ़ना, सुनना

82. चित्त में स्थिर रूप से रहने वाला भाव कहलाता है :

(A) विभाव

(B) स्थायीभाव

(C) अनुभाव

(D) संचारीभाव

83. 'श' वर्ण का उच्चारण स्थान है :

(A) कंठ

(B) तालु

(C) नाक

(D) दंत

84. 'उत्कर्ष' का विलोम शब्द है :

(A) निष्कर्ष

(B) अपकर्ष

(C) उत्कृष्ट

(D) प्रतिकर्ष

**निर्देश** : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (**85** से **89** तक) के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए :

प्रत्येक प्राचीन जाति का संस्कार, उसकी आत्मा और उसके प्राण उसकी अपनी भाषा में बसते हैं। भारत की आत्मा और भारत के सूक्ष्म संस्कारों का निवास संस्कृत में है। संस्कृत इस देश में बसने वाले लोगों की सेवा, और नहीं तो, तीन-चार हजार वर्ष से करती आई है। भारत की सभी भाषाएँ संस्कृत के घाट पर पानी पीकर जीती आई हैं और आज भी उनका उपजीव्य यही भाषा है। भारत की आधुनिक भाषाओं में नए शब्द बनाने की शक्ति समाप्त है। अब भारत की जो भी भाषा नया शब्द खोजती है, उसके सामने संस्कृत की ओर जाने के सिवा और कोई राह नहीं है। इसी संस्कृत पर आधारित होने के कारण भारत की सभी भाषाएँ एक हैं, क्योंकि उनके शब्द एक हैं, उनकी तर्ज, भंगिमा और अदाएँ एक हैं तथा वे एक ही सपने का आख्यान अलग-अलग लिपियों में करती हैं।

उत्तर भारत की सभी भाषाएँ संस्कृत से निकलकर विकसित हुई हैं। ये भी परस्पर भिन्न हैं, किन्तु संस्कृत ने हिन्दी को, एक खास ढंग से, विकसित करके उत्तर भारत को एक ऐसी भाषा दे दी, जो थोड़ी-बहुत सभी भाषा-क्षेत्रों में समझ ली जाती है।

**85.** प्रत्येक प्राचीन जाति का संस्कार, उसकी आत्मा और उसके प्राण बसते हैं :

(A) धर्म में

(B) सभ्यता में

(C) भाषा में

(D) संस्कृति में

**86.** भारत की आत्मा निवास करती है :

(A) हिन्दी में (B) संस्कृत में

(C) अंग्रेजी में (D) अरबी में

**87.** संस्कृत भाषा देशवासियों की सेवा करती आई है :

(A) दो सौ वर्षों से

(B) चार सौ वर्षों से

(C) आठ सौ वर्षों से

(D) तीन-चार हजार वर्षों से

**88.** उत्तर भारत की सभी भाषाएँ विकसित हुई हैं :

(A) अंग्रेजी से

(B) तमिल से

(C) कन्नड़ से

(D) संस्कृत से

**89.** संस्कृत ने हिन्दी को एक खास ढंग से विकसित करने का काम किया है, फलतः :

(A) हिन्दी का प्रसार बंद हो गया

(B) हिन्दी कठिन हो गयी

(C) हिन्दी का विरोध बढ़ गया

(D) सभी भाषा-क्षेत्रों में समझी जाने लगी

**90.** दिवस का अवसान समीप था,
गगन था कुछ लोहित हो चला।
तरुशिखा पर थी अब राजती,
कमलिनी-कुल-वल्लभ की प्रभा।

इसमें छन्द है :

(A) दोहा (B) चौपाई

(C) द्रुत विलंबित (D) सोरठा

# Second Language – English

**Direction** (Q. No. **61** & **62**) **:** Choose the *correct preposition* :

**61.** She was punished ............. stealing a saree.

(A) for (B) by

(C) with (D) from

**62.** In the month of December the temperature falls .............. 4°C.

(A) from (B) below

(C) at (D) into

**63.** Bulletin boards and flannel boards are means of :

(A) Video aids

(B) Audio aids

(C) Audio-Video aids

(D) None of these

**64.** Which of the following is the most important pre-requisite for language learning, whether first or second ?

(A) A structural-situational approach

(B) Skills-based instruction

(C) A multi-lingual approach

(D) An input-rich communicational environment

**Direction** (Q. No. **65** & **66**) **:** Choose the *best alternative* to complete the sentences given below :

**65.** Please tell me :

(A) where is the bus stop.

(B) where the bus stop be.

(C) where stops the bus.

(D) where the bus stop is.

**66.** I think :

(A) today it is Wednesday.

(B) that is today Wednesday.

(C) today is Wednesday.

(D) today be Wednesday.

**Direction** (Q. No. **67** & **68**) **:** Fill in the blanks with *suitable verbs* :

**67.** Either the mother or the daughter ............. made this pudding.

(A) have (B) has

(C) was (D) were

**68.** One third of the work ............. left incomplete.

(A) would

(B) was

(C) were

(D) None of these

**Direction** (Q. No. **69** & **70**) **:** Choose the *right word* which best expresses the meaning of the given idiom/phrase :

**69.** Merry as a cricket :

(A) To enjoy a game of cricket

(B) To be carefree

(C) To dance and sing

(D) To be good at sport

**70.** Which word is ***not*** the synonym of 'Distress' ?

(A) Contentment

(B) Affliction

(C) Grief

(D) Misery

**Direction** (Q. No. **71 - 75**) **:** Read the passage given below and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

To avoid the various foolish opinions to which mankind is prone, no superhuman brain is required. A few simple rules keep you free, not from all errors, but from silly errors. If the matter is one that can be settled by observation, make the observation yourself. Aristotle could have avoided the mistake of thinking that women have fewer teeth than men, by the simple device of asking Mrs. Aristotle to keep her mouth open while he counted. He did not do so because he thought he knew. Thinking that you know, when infact you do not, is a fatal mistake to which we are all prone. I believe myself that hedgehogs eat black beetles, because I have been told that they do; but if I was writing a book on the habits of hedgehogs, I should not commit myself until I had seen one enjoying this diet. Aristotle, however, was less cautious. Ancient and medieval writers knew all about unicorns and salamanders; not one of them thought it necessary to avoid dogmatic statements about them because he had never seen one of them.

**71.** The author portrays mankind as :

(A) very intelligent

(B) having superhuman qualities

(C) nervous and weak

(D) by and large ignorant

**72.** The author is in favour of drawing conclusions on the basis of :

(A) reasoning

(B) study of eminent thinkers

(C) empirical evidence

(D) discussion and consultation

**73.** According to the author, unicorns and salamanders :

(A) existed in the past but now have become extinct

(B) are invisible

(C) never really existed

(D) have caused strange stories to be written about them

**74.** The author implies that :

(A) hedgehogs eat black beetles

(B) hedgehogs do not really eat black beetles

(C) he is writing a book about hedgehogs

(D) he has never seen a hedgehog eating beetles

**75.** The attitude of the author is :

(A) Philosophical

(B) Cultural

(C) Scientific

(D) Commercial

**Direction** (Q. No. **76**) : Choose the *correct conjunction* :

**76.** A student will fail ............. he does not work hard.

(A) because

(B) if

(C) unless

(D) until

**77.** Fill in the blank by *correct adjective* :

This man is ............. enough to play the fool.

(A) the wise

(B) wise

(C) wiser

(D) wisest

**78.** A test of listening comprehension is a test of :

(A) receptive skill

(B) productive skill

(C) hearing ability

(D) phonology

**79.** Teaching of prose includes :

(A) Story

(B) Biography

(C) Essay

(D) All of the above

**80.** One of the following is ***not*** a kind of reading :

(A) Loud reading

(B) Silent reading

(C) Descriptive reading

(D) Supplementary reading

**81.** Lexical meaning of a word is :

(A) as one governed by intonation

(B) as one governed by culture

(C) as one given in a dictionary

(D) as one made out from context

**Direction** (Q. No. **82 & 83**) : Fill in the blanks with *correct answer* :

**82.** When I reached the station I found Radha ............. for me.

(A) waits

(B) to wait

(C) waited

(D) waiting

**83.** You had better ............. nothing.

(A) to say

(B) saying

(C) say

(D) said

**Direction** (Q. No. **84** & **85**) **:** Change the following sentences into *passive voice* :

**84.** Post this letter. :

(A) This letter should be posted.

(B) This letter must be posted.

(C) Let this letter be posted.

(D) None of the above

**85.** This bottle contains milk. :

(A) Milk is contained in this bottle.

(B) Milk is contained by the bottle.

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

**Direction** (Q. No. **86 - 90**) **:** Read the following passage and answer the questions that follow by selecting the most appropriate option :

On the morning of August 31,1573, 3000 horsemen of the imperial Mughal army paused at the bank of the Sabarmati. The rebels, they were after, lay just beyond the swollen river but the soldiers were exhausted : they had travelled 960 kilometers of difficult terrain in nine days, riding almost continuously. Suddenly a warrior on a chestnut charger plunged into the raging torrent. As man and horse struggled on to the opposite bank, a thrill ran through the army. It was the emperor, Jalaluddin Akbar ! With a roar, the soldiers followed him across and within two days, they had put down the rebellion so thoroughly that Gujarat remained in Mughal hands for the next 185 years.

**86.** The rebels were camped :

(A) Across the Sabarmati river

(B) At a fort near Sabarmati

(C) In Gujarat

(D) In imperial Mughal Courts

**87.** The expression "Swollen river" means :

(A) a river in flood

(B) a calm and serene river

(C) a deep river

(D) a shallow river

**88.** The Mughal soldiers didn't cross the river because :

(A) They were cowards

(B) They had joined hands with the rebels

(C) They were waiting for the king to arrive

(D) They were tired after a difficult journey

**89.** The sudden arrival of king Akbar :

(A) Surprised the soldiers

(B) Angered the soldiers

(C) Dismayed the soldiers

(D) Enthused the soldiers

**90.** The attack on the rebels turned out to be :

(A) a dismal failure

(B) a grand success

(C) of no particular significance

(D) an ordinary affair

# भाषा द्वितीय - संस्कृत

61. भाषाबोधस्य प्रथमचरणे आवश्यकं भवति –
(A) श्रवणम्-अनुकरणञ्च
(B) पठनं-पाठनञ्च
(C) अध्ययनम्-अध्यापनञ्च
(D) चिन्तनं-मननञ्च

62. "अभितः परितः समया निकषा हा प्रति" योगे विभक्ति प्रयुज्यते –
(A) तृतीया (B) द्वितीया
(C) षष्ठी (D) पञ्चमी

63. 'यथाशक्तिः' इत्यस्मिन् पदे समास विग्रहो अस्ति –
(A) शक्तिम् अतिक्रम्य
(B) शक्तेः युक्तम्
(C) शक्तिम् अनतिक्रम्य
(D) शक्ति सहितम्

64. अधिगमन सन्दर्भे केषाञ्चन छात्राणां गतिः स्तरानुरूपं न दृश्यते, तेषां कृते विशिष्ट पठन व्यवस्थायाः आवश्यकता अनुभूयते, इदमस्ति –
(A) संक्षेपीकरणम्
(B) पुनः पुनः शिक्षणम्
(C) उपचारात्मकं शिक्षणं
(D) पुनरभ्यसनम्

65. 'घ' वर्णस्य उच्चारणस्थानं निर्धारयतु –
(A) कण्ठः (B) तालुः
(C) मूर्धा (D) दन्तः

66. 'एङ्' प्रत्याहारे वर्णाः सन्ति –
(A) ए ओ (B) ए ओ ङ्
(C) ए ङ् (D) ओ ङ्

67. "विभानुभाव व्यभिचारि संयोगाद्रसनिष्पतिः" उक्तिरियमस्ति –
(A) आचार्य विश्वनाथस्य
(B) आचार्य मम्मटस्य
(C) आचार्य धनञ्जयस्य
(D) आचार्य भरतमुनेः

68. 'रामायणचम्पू' इत्यस्य चम्पू काव्यस्य रचयिता कः अस्ति ?
(A) त्रिविक्रम भट्टः
(B) हरिश्चन्द्रः
(C) भोजराजः
(D) सोमदेवः

69. संस्कृत शिक्षकस्य कृते आवश्यकं भवति ?
(A) संस्कृतस्य पूर्णज्ञानम्
(B) शुद्धोच्चारणम्
(C) शिक्षणे अभिरुचिः
(D) उक्तं सर्वमेव

70. 'येनाङ्गविकारः' इत्यनुसारेण विकृताङ्गवाची शब्दे विभक्तिः प्रयुज्यते –
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) षष्ठी

71. शिक्षण योजनायाः अभावे शिक्षण कार्यं भवति –
(A) उद्देश्यहीनम्
(B) अरोचकम्
(C) अनियन्त्रितम्
(D) उक्तं सर्वमेव

72. छन्दस्य नामोल्लेखं कृत्वा रिक्त स्थानं पूरयत् –
सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सतत गाः ..............।

(A) वसन्ततिलका यदा

(B) उपजाति छन्दः

(C) शार्दूलविक्रीडितम्

